
# 3 सादगी पसंद लाल बहादुर शास्त्री

**प्रस्तावना :** हमारे भारत देश के दूसरे प्रधानमंत्री के विशेष गुणों का वर्णन, उनकी देश भक्ति, समाज सेवा तथा साधारण व्यक्तित्व का परिचय देना।

लाल बहादुर शास्त्री का जन्म 2 अक्टूबर 1904 को मुगलसराय में हुआ। उनके पिता शारदाप्रसाद श्रीवास्तव गरीब लेकिन गुणों के अमीर थे। शास्त्री जी की उम्र एक साल थी जब उनके पिता का देहान्त हो गया। उनकी माता रामदुलारी पर मुसीबतों का पहाड़ टूट पड़ा। तब उनके मातामह हज़ारीलाल ने आश्रय देकर उनका पालन पोषण किया। वे लाल को 'नन्हे' के नाम से पुकारते थे। उनकी प्राथमिक शिक्षा ननिहाल में हुई। काशी विद्यापीठ से उन्होंने शास्त्री की उपाधि पाई। तब से लाल बहादुर 'शास्त्री' के नाम से प्रसिद्ध हो गये।



शास्त्री जी साहसी, स्वाभिमानी और परिश्रमी थे। उनके जीवन में कई अनोखी घटनाएँ घटीं। एक बार वे अपने मित्रों के साथ नाव द्वारा गंगा नदी पार कर मेले में गये। वापस लौटते समय खेवट को देने के लिए उनके पास पैसे नहीं थे, तो उन्होंने गंगा नदी को तैरकर पार किया। वे कद के

*शब्दार्थ* – मातामह–नाना/Mother's Father, अनोखी–विचित्र/unique, खेवट–नाविक/One who rows the boat.

छोटे होने पर भी साहस से ओतप्रोत थे। उनपर वरिष्ठ राजनैतिक नेता बाल गंगाधर तिलक और गाँधी का बहुत अधिक प्रभाव था। अतः तिलक के संदेश 'स्वराज्य मेरा जन्म सिद्ध अधिकार है' का देश भर में उन्होंने प्रचार किया। सन् 1915 में वाराणसी में गाँधीजी का भाषण सुनकर उन्होंने निर्णय लिया – 'आज से मैं अपना जीवन देश सेवा के लिए समर्पित करूँगा।'




भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का महत्त्वपूर्ण नेता रहकर भी उन्होंने आजीवन सादगी का जीवन बिताया। भारतीय स्वाधीनता संग्राम के सभी महत्त्वपूर्ण कार्यक्रमों और आन्दोलनों में उनकी सक्रिय भागीदारी रहती थी। देश की आज़ादी के लिए उन्होंने कुशलता से लोगों को संगठित कर उनका नेतृत्व किया। सन् 1921 के 'असहयोग आन्दोलन', सन् 1930 के 'दांड़ी मार्च' एवं सन् 1942 के 'भारत छोड़ो आंदोलनों' में वे जेल गये। 8 अगस्त सन् 1942 को गाँधीजी ने 'करो या मरो' का नारा अंग्रेज़ों के खिलाफ़ दिया था। उन्होंने उस नारे को 'मरो नहीं, मारो' के रूप में बदलकर देश भर में प्रचार किया था। इस नारे का प्रभाव देश के लोगों पर जल्दी ही पड़ा।

देश के स्वाधीन होने पर गोविन्द वल्लभ पंत उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री बने। तब उन्होंने अपने मंत्रिमंडल में ईमानदार शास्त्री को पुलिस और परिवहन मंत्री का पद दिया। परिवहन मंत्री के रूप में शास्त्री जी ने पहले-पहल बसों में महिला संवाहकों की नियुक्ति की। पुलिस मंत्री के रूप में उन्होंने भीड़ को नियंत्रित करने के लिए लाठी की जगह पानी

---

**शब्दार्थ**– भाषण–व्याख्यान/Speech, सक्रिय–क्रिया युक्त/Active, परिवहन–यात्रा/Transport.

की बौछार का प्रयोग करना शुरू करवाया। विशिष्ट बात यह है कि उत्तर प्रदेश के लोगों ने अनेक आन्दोलन चलाये। लेकिन उन लोगों ने शास्त्री जी के विरुद्ध कभी भी आन्दोलन नहीं चलाया।

जब सन् 1964 में जवाहरलाल नेहरू का निधन हुआ तब वे प्रधानमंत्री बने। उनकी साफ-सुथरी छवि और सादगी भरे जीवन से प्रभावित कांग्रेस ने शास्त्री जी को प्रधानमंत्री के पद पर बिठाया था। उन्होंने देश में अनाज़ की कमी दूर करने तथा देशभक्ति बढ़ाने के लिए एक नारा दिया 'जय जवान-जय किसान'। इसका प्रभाव लोगों पर पड़ा। भारतीयों का **मनोबल** बढ़ गया और सारा देश एकजुट हो गया। सन् 1965 में भारत-पाकिस्तान के बीच हुए युद्ध में पाकिस्तान बुरी तरह हार गया। युद्ध विराम समझौता रूस के ताशकंद में सम्पन्न हुआ। समझौते पर **हस्ताक्षर** करने के बाद लाल बहादुर शास्त्री का **निधन** 11 जनवरी 1966 को ताशकंद में ही हो गया।

**शिक्षा** – 'सादा जीवन-उच्च विचार' रखने वाला ही जीवन में विशेष स्थान को प्राप्त कर सकता है।

*शब्दार्थ* – **मनोबल**–इच्छा शक्ति/Will Power, **हस्ताक्षर**–दस्तख़त/Signature, **निधन**–मृत्यु/Death

## अभ्यास से सीखें





### संकलित अभिव्यक्ति

1. व्याकरणिक शब्द-ज्ञान –

(*i*) शब्द के आगे 'स्व' जोड़कर नए शब्द बनाइए–

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स्व | + | राज्य | = | स्वराज्य | ....... | + | तंत्र | = ................ |
| ....... | + | देश | = | ................ | ....... | + | रूप | = ................ |
| ....... | + | अभिमान | = | ................ | | | | |

(*ii*) पर्यायवाची लिखिए–

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| घर | – | गृह | आलय | नदी – | ............. | ............. |
| विद्यालय | – | ............. | ............. | अमीर – | ............. | ............. |
| विशिष्ट | – | ............. | ............. | | | |

## मौखिक

2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

(क) लाल बहादुर शास्त्री जी का जन्म कब और कहाँ हुआ?

(ख) इनका पालन-पोषण किसने किया?

(ग) किसकी मृत्यु के बाद शास्त्री जी को देश का प्रधानमंत्री बनाया गया?

## लिखित

3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए–

(क) शास्त्री जी के माता और पिता का क्या नाम था?

(ख) शास्त्री जी कैसे व्यक्ति थे?

(ग) इन पर किन नेताओं का अधिक प्रभाव पड़ा?

(घ) शास्त्री जी के जीवन में घटी किसी एक घटना का वर्णन करो।

(ङ) अनाज़ की कमी को दूर करने तथा देशभक्ति बढ़ाने के लिए इन्होंने कौन-सा नारा दिया?

## वैकल्पिक

4. खण्ड 'क' को खण्ड 'ख' से मिलाइए–

| खण्ड ( क ) | खण्ड ( ख ) |
|---|---|
| (*i*) लाल बहादुर शास्त्री का जन्म सन् | (क) 1921 |
| (*ii*) असहयोग आन्दोलन | (ख) 'जय जवान, जय किसान' |
| (*iii*) दांडी मार्च | (ग) 'करो या मरो' |
| (*iv*) लाल बहादुर शास्त्री | (घ) 2 अक्टूबर 1904 |
| (*v*) गाँधी जी | (ङ) सन् 1930 |

5. दिए गए शब्दों के वाक्य बनाइए।

सादगी परिश्रमी मुसीबत आज़ादी आन्दोलन

6. रिक्त स्थान की पूर्ति करिए–

(*i*) लाल बहादुर ...................... के नाम से प्रसिद्ध हो गए।

(*ii*) शास्त्री जी ..................... स्वाभिमानी एवं ..................... थे।




(*iii*) वे लाल को ...................... नाम से पुकारते थे।

(*iv*) युद्ध में ...................... बुरी तरह हार गया।


(*v*) लाल बहादुर शास्त्री का निधन 11 जनवरी 1966 को .................. में हो गया।

## रचनात्मक अभिव्यक्ति

2. भारत के प्रथम तीन प्रधानमंत्रियों के चित्रों के आगे क्रमानुसार 1. 2. 3. लिखिए।

1. दिए गए चित्र को पहचान कर उनके बारे में पाँच पंक्तियाँ लिखिए।



**शिक्षण संकेत** – बच्चों को अपने देश के प्रधानमंत्रियों के विशेष गुणों को बताकर उनमें देश भक्ति तथा समर्पण का भाव जागृत करें।